भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2627
जिसका उत्तर मंगलवार, 15 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

**सेनेगल से आदेश**

**2627. श्री बी० सेनगुट्टुवन:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या किसी भारतीय ऑटोमोबाइल विनिर्माण कंपनी को अफ्रीकी राष्ट्र सेनेगल से 82 मिलियन डॉलर का आदेश मिला है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार अफ्रीकी राष्ट्रों में भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र को अपनी छाप छोड़ने में समर्थ बनाने के लिए अफ्रीका में सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगी; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी० एम० सिद्देश्वर)**

**(क) और (ख):** जी, हां। मैसर्स अशोक लीलैंड को सेनेगल से 82 मिलियन डॉलर (लगभग ₹521 करोड़) का ऑर्डर मिला है। इस आर्डर में 475 बसों, असली पुर्जो की आपूर्ति, बेड़ा प्रबंधन पर कार्यशाला, प्रशिक्षण और परामर्श के विकास में सहायता तथा व्हीकल ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम का पुनर्गठन शामिल हैं।

**(ग) और (घ):** सरकार, जब भी आवश्यक होता है, यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग से बातचीत करती है कि इस क्षेत्र में अफ्रीका को निर्यातों में बढ़ावा देने के लिए भारत और अफ्रीका में मेलों/प्रदर्शनियों/संगोष्ठियों का आयोजन करके अफ्रीकी राष्ट्रों को ऑटोमोबाइल निर्यातों को पर्याप्त सहायता दी जाती है।

*******